†मूल अंग्रेज़ी में

है कि इस विषय में सब लोग रचनात्मक दृष्टिकोण रखेंगे और अपने विचार प्रकट करेंगे, भले ही वे आलोचनात्मक हों। इस काम के लिये मेरे प्रधान मंत्री और योजना आयोग सभी दलों का सहयोग चाहते हैं ।

हमारा विचार है कि इस वर्ष के अन्त तक तीसरी योजना की प्रारम्भिक रूपरेखा तैयार कर ली जाये। जब रूपरेखा विचार विमर्श के बाद अनुमोदित हो जाये तब केन्द्र और राज्यों की योजनाओं पर विस्तार से सोच-विचार शुरू किया जाये। जिन लक्ष्यों को हम ने स्वीकार किया है उन में से प्रधान यह है:—राष्ट्रीय आय में ठोस वृद्धि, शीघ्रतापूर्ण औद्योगीकरण, बड़े पैमाने पर रोजगार का विस्तार और आमदनी तथा सम्पत्ति की असमताओं में कमी। सरकार घरेलू और छोटे उद्योगों को भी यथापूर्व सहायता देती रहेगी। विकास के काम में अभी तक हमें जो सफलता मिली है उसे हमें बनाये रखना है और उस की गति को तेज़ करना है।

हमारी आर्थिक व्यवस्था के नियमन के लिये जो बातें सब से जरूरी हैं उन में सर्वप्रथम खाने पीने की चीजें और इन चीजों के भाव हैं। हमारे आयोजन और उन्नति के लिये अत्यन्त आवश्यक दूसरी बातें अधिकतर इन्हीं पर निर्भर करती हैं, जैसे विकास के काम के लिये विदेशी मुद्रा की उपलब्धि, देने-पावने के सन्तुलन की स्थिति, देश के अन्दर मूल्य स्तरों की स्थिरता और मुद्रा बाहुल्य की प्रवृत्तियों की यथासमय रोकथाम ।

फसलों को भारी नुकसान पहुंचने के बाद १९५८ के आरम्भ में अनाज के बढ़ते हुए दामों को रोकने के लिये मेरी सरकार ने उस वर्ष के पहले ११ महीनों में २७ लाख ४० हजार टन अनाज विदेशों से मंगाया, देश के अन्दर अनाज के यातायात का नियमन किया और लोगों को अनाज उपलब्ध करने के लिये सस्ते दामों की दुकानें खोली गयीं। अनाज के व्यापारियों द्वारा अत्यधिक संचय की रोकथाम के लिये रिज़र्व बैंक ने बैंकों द्वारा उधार दिये जाने की नीति कड़ी कर दी।

इस दिशा में खुराक के मामले में आत्मनिर्भरता ही हमारी समस्या का संतोषजनक हल है। भरपूर प्रयत्न, खेती के सुधरे हुए तरीकों का अपनाया जाना और भूमि सम्बन्धी कानून में आवश्यक सुधार जिस से कि खेती का काम लाभदायक हो, ये बातें उत्पादन में वृद्धि के लिये अनिवार्य रूप से जरूरी हैं। इस उद्देश्य को प्राप्त करने के लिये मेरी सरकार भूमि सम्बन्धी कानून में सुधार और सहयोग तथा ग्रामों को व्यापक कार्यक्षेत्र दे कर प्रोत्साहन देने का प्रयास करेगी।

पिछले साल की अपेक्षा १९५९-६० में फसलों की स्थिति आशाजनक है। इस वर्ष हम पर प्रकृति की कृपा रही है, और खाद्य तथा व्यापारी फसलें दोनों ही उत्साहवर्द्धक हैं। हमारी चावल की फसल बहुत बढ़िया रही और उस के कारण चावल के दामों में पहले ही कमी हो गई है। हमारा विचार है बड़े पैमाने पर चावल का संचय किया जाय और शासकीय व्यापार का विस्तार किया जाय। गेहूं और चने के भाव ऊंचे चढ़ गये हैं, किन्तु इस समय के लक्षणों को देखते हुए यह कहा जा सकता है कि रबी की फसल भी अच्छी होगी। भरपूर खेती के आन्दोलन, सिंचाई के छोटे साधनों पर अधिक जोर, सिंचाई के मौजूदा साधनों का पूरा उपयोग, सुधरे हुए बीज के वितरण के लिये अधिक केन्द्रों की स्थापना, खेती के सुधरे हुए तरीकों को अपनाने की ओर बढ़ती हुई प्रवृत्ति और भूमि के संरक्षण-सम्बन्धी कार्यक्रम का विस्तार—इन सब बातों के कारण ही खेती के क्षेत्र में और विशेषकर प्रधान फसलों के बारे में स्थिति आशाजनक हो पायी है।

सामुदायिक विकास कार्यक्रम पर ही यह निर्भर करता है कि हमारे देहातों में रहने वाली करोड़ों जन-संख्या के लिये सच्चे अर्थों में लोकतन्त्र का विस्तार हो और वह प्रणाली कार्यान्वित हो। इस कार्यक्रम के अन्तर्गत अब तीन लाख गांव आ चुके हैं। जिन की जन-संख्या साढ़े सत्रह करोड़ के करीब है।

इस कार्यक्रम में लोगों का अधिक सक्रिय सहयोग प्राप्त करने के लिये आवश्यक उपाय काम में लाये जा रहे हैं। ग्राम पंचायत को, जो हमारे लोक तन्त्र की आधारभूत इकाई है, अधिक साधन और अधिकार दिये जा रहे हैं। देहातों में सहयोग समितियां स्थापित और उन्नत की जा रही हैं जिस से कि सारा ग्रामीण क्षेत्र उन के अन्तर्गत आ जाये ।

औद्योगिक उत्पादन में वृद्धि हुई है किन्तु कुछ उद्योगों को, खास कर सूती कपड़े के उद्योग को, ठेस पहुंची है। निजी और सार्वजनिक क्षेत्रों में जिन उद्योगों में उत्पादन बहुत बढ़ा है वे हैं मशीनी औजार, पैनिसिलीन, कृमिनाशक औषधियां, कागज और गत्ता, डीजल इंजन, बिजली के मोटर, सल्फ्यूरिक एसिड, कास्टिक सोडा, टायर, सिलाई की मशीनें, बाइसिकल और बिजली के पंखे । सार्वजनिक क्षेत्र में जो विस्तार की तथा दूसरी योजनायें इस समय कार्यधीन हैं उन में मशीन निर्माण, वैज्ञानिक खाद और औषधियां शामिल हैं। भोपाल, रांची और दुर्गापुर में बिजली का भारी सामान, भारी औद्योगिक मशीनें और खानों में खुदाई की मशीनें बनाने के कारखाने स्थापित किये जा रहे हैं। वैज्ञानिक खाद के नये कारखाने नांगल, राऊरकेला और नेवेली में लगाये जा रहे हैं। और सिन्दरी का कारखाना बढ़ा कर बड़ा कर दिया गया है। जिन नई योजनाओं पर कार्य हो रहा है उनमें दवाइयां और एंटीबायोटिक्स तैयार करने के कारखाने शामिल हैं ।

गत सप्ताह मुझे राउरकेला और भिलाई के इस्पात कारखानों का उद्घाटन करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ, जहां लोहे का उत्पादन शुरू हो चुका है। आशा है इस वर्ष के समाप्त होने से पहले इन कारखानों में इस्पात भी तैयार होने लगेगा। दुर्गापुर में भी पहली धमन भट्टी इसी वर्ष चालू हो जाने की आशा है। जमशेदपुर में इस्पात के कारखाने के विस्तार का कार्यक्रम करीब करीब पूरा हो चुका है और कुछ ही महीनों में वहां अपेक्षित उत्पादन होने लगेगा। बर्नपुर के कारखाने का विस्तार इस वर्ष के अन्त तक हो चुकेगा ।

कोयले के उत्पादन में वृद्धि हुई है। नेवेली लिग्नाइट योजना को कार्यान्वित करने की दिशा में आगे कदम उठाये गये हैं। नेवेली थर्मल बिजलीघर की योजना स्वीकार कर ली गई है और इस के निर्माण का काम हाथ में ले लिया गया है ।

पर्यवेक्षण और ढूंढ खोज द्वारा भूगर्भ-विज्ञान के क्षेत्र में उन्नति हुई है और राष्ट्रीय खनिज पदार्थ निगम की स्थापना की गई है। कोयले, तांबे और जिप्सम की नई खानों का पता लगा है।

तेल और प्राकृतिक गैस के लिये ज़ोरों से खोज की गई और उस का आशाजनक फल हुआ। तेल के लिये पंजाब में ज्वालामुखी और होशियारपुर में खुदाई जारी रखी गई और आसाम में शिवसागर में खुदाई शीघ्र ही शुरू की जायेगी। सबसे अधिक महत्वपूर्ण घटना बम्बई राज्य में कैम्बे में तल की खोज है, जहां तेल के कई स्रोतों के मिलने की आशा की जाती है। आशा है जोरों से खुदाई के परिणामस्वरूप इसी वर्ष कैम्बे में तेल के साधन प्राप्त हो जायेंगे। नहरकटिया तेल क्षेत्रों में प्राकृतिक गैस के साधन भी मिले हैं।

आसाम में तेल साफ करने के कारखाने के निर्माण में सहायता और आवश्यक मशीनरी प्राप्त करने के लिये रुमानिया की सरकार के साथ एक समझौता कर लिया गया है।

औद्योगीकरण की योजनाओं में राष्ट्रीय रसायनशालाओं ने महत्त्वपूर्ण काम किया है। उन्होंने परीक्षण योजनाओं द्वारा अनुसन्धान के परिणामों को उद्योगों पर लागू कर उत्पादन में सहायता दी है। यह काम विशेष कर इस्पात के कारखानों के लिये कोयले के साधनों को उपलब्ध करने, रिफ्रेक्टरी उद्योग के लिये कच्चा माल प्राप्त करने और निजी क्षेत्र की कुछ समस्याओं को हल करने की दिशा में हुआ है। कहीं कहीं ये रसायनशालाएं आयातित सामान की जगह स्वदेशी माल

का उपयोग सुझाने में सफल हुई हैं और घटिया किस्म के धातुओं के लाभदायक उपयोग सुझाने में भी सहायक हुई हैं।

४ मार्च, १९५८ के वैज्ञानिक नीति सम्बन्धी प्रस्ताव के अन्तर्गत उद्देश्यों पर अमल करने की दिशा में मेरी सरकार ने कदम उठाये हैं। राष्ट्रीय रसायनशालाओं और उद्योग में पारस्परिक सम्पर्क है। रसायनशाला ट्रेनिंग कोर्सों, अनुसन्धान के लिये अनुदान, वैज्ञानिक दृष्टिकोण और ट्रेनिंग प्राप्त विज्ञानवेत्ताओं के उपलब्ध रहने से इस सम्पर्क को दृढ़ता तथा व्यापकता मिली है। यह निश्चय किया गया है कि दुर्गापुर में मकैनिकल इन्जीनियरिंग के विकास और अनुसन्धान के लिये और नागपुर में सार्वजनिक स्वास्थ्य इन्जीनियरिंग के लिए राष्ट्रीय रसायनशालाएं स्थापित की जायें।

सोवियत रूस और युनेस्को की सहायता से इस वर्ष बम्बई में और जर्मनी के संघीय गणतन्त्र की सहायता से मद्रास में एक-एक उच्च टैक्नोलोजिकल इन्स्टीट्यूट खोला जायगा। इंग्लैंड की सहायता से दिल्ली में एक इन्जीनियरिंग कालेज स्थापित किया जा रहा है। इस कालेज की नींव परमश्रेष्ठ प्रिन्स फिलिप एडिनबरा के डयूक ने अपनी हाल की यात्रा के समय रखी थी।

संसद् द्वारा स्वीकृत व्यय की सीमा में, कार्य-सम्बन्धी और वित्तीय अधिकारों से सम्पन्न एक नया एटॉमिक एनर्जी कमीशन स्थापित किया गया है। केवल शान्तिपूर्ण कामों में उपयोग के लिये आणविक शक्ति के विस्तार तथा प्रगति के क्षेत्र में काफी उन्नति हुई है और हो रही है। इस दिशा में हमारे आयोजन का ध्येय उन मौलिक चीज़ों का उत्पादन है जिनका उपयोग चालन के लिये आणविक शक्ति को उपलब्ध करना हो। न्यूक्लीयर शक्ति के क्षेत्र में बड़े पैमाने पर आयोजन तीसरी योजना के अन्तिम वर्षों में ही हो सकेगा, किन्तु मेरी सरकार ने न्यूक्लीयर शक्तियुक्त कारखाने स्थापित करने का फैसला किया है जिनमें कम से कम २५० हजार किलोवाट की बिजली पैदा की जायेगी।

गत वर्ष मैंने अपने भाषण में आप से कहा था कि रिएक्टर्स के लिए एटामिक विशुद्धता और ईंधन पदार्थयुक्त यूरेनियम धातु का उत्पादन चालू वर्ष के अन्त तक आरम्भ हो जायेगा। मुझे यह कहते हुए खुशी होती है कि यूरेनियमधातु का कारखाना बन चुका है और उसका आवश्यक परीक्षण भी हो चुका है। एटामिक दृष्टि से विशुद्ध यूरेनियम धातु के प्रथम ढेले का उत्पादन ३० जनवरी १९५९ को हुआ। ईंधन पदार्थ के पैदा करने की सुविधायें जुटाने का काम भी अब बहुत आगे बढ़ चुका है।

बहुमुखी नदी घाटी योजनाओं का काम भी निर्धारित समय के अनुसार इस वर्ष आगे बढ़ा है। बाढ़ नियन्त्रण के लिये नियुक्त उच्चाधिकार सम्पन्न समिति की रिपोर्ट मेरी सरकार के विचाराधीन है।

कलकत्ता के और मद्रास के बंदरगाहों के सुधार के लिए २० करोड़ रुपये लगेंगे जिसके लिये सम्बन्धित अधिकारियों ने विश्व बैंक के साथ बातचीत कर वित्तीय समझौते किये हैं।

मेरी सरकार स्वेच्छा से और समझौते के आधार पर दोनों रूप से औद्योगिक सम्बन्ध सुधारने और बढ़ाने के प्रयत्न में सफल हुई है। एक अनुशासन नियमावलि जो दोनों ओर के मालिक और मजदूरों के अधिकारों और जिम्मेदारियों की मान्यता की आवश्यकता पर जोर देती है, मालिक और मजदूरों की सभी केन्द्रीय संस्थाओं द्वारा स्वीकृत हो चुकी है। इस नियमावलि में व्यवहार के नियम बनाये गये हैं। इसमें बताया गया है कि किसी भी ओर से एक-तरफा कार्यवाही नहीं होनी चाहिये,

हड़ताल और कामबन्दी से बचना चाहिये और झगड़ों के बीच-बचाव तथा निपटारे के लिये जो साधन हों वे तुरन्त काम में लाये जाने चाहियें । नियमावली यह भी बताती है कि अपने-अपने दोषी सदस्यों के प्रति मजदूर और मालिक संस्थाएं क्या अनुशासन रखें । श्रमसम्बन्धी कानूनों और निर्णयों की कहां तक अवहेलना हुई है यह देखने के लिये और उन नियमों तथा निर्णयों को पूर्णरूप से कार्यान्वित करने के लिये एक त्रिदलीय समिति बनाई गई है । एम्प्लौईज स्टेट इन्श्योरेन्स स्कीम, जिसमें करीब-करीब चौदह लाख मज़दूर शरीक हैं, अब और अधिक लोगों पर लागू की जा रही है । संचालन कार्य में मज़दूरों को हिस्सा देने की दिशा में कदम उठाया गया है और अब निजी और सार्वजनिक क्षेत्रों में कतिपय उद्योगों के लिए संयुक्त समितियां स्थापित की गई हैं ।

आर्डिनेन्स फैक्ट्रियों के उत्पादन में पर्याप्त मात्रा में वृद्धि हुई है जिसके फलस्वरूप मेरी सरकार विदेशी मुद्रा में बचत कर सकी है । वैज्ञानिक और औद्योगिक अनुसन्धान और विकास तथा इसके लिए सुविधाओं के विस्तार की दिशा में भी कदम उठाये गये हैं । प्रतिरक्षा के साधनों के निर्माण के लिए आवश्यक माल और साधन की उपलब्धि की दिशा में कुछ प्रगति है ।

अनुच्छेद ३४४ के अनुसार भाषा आयोग की सिफारिशों पर विचार करने के लिए संसद् के सदस्यों की जो समिति नियुक्त की गई थी उसने अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत कर दी है । चालू सत्र में उस पर विचार करने का आपको अवसर मिलेगा ।

नागा पहाड़ी क्षेत्र की स्थिति में काफी सुधार हुआ है । हिंसा और अराजकता की वारदातों में बहुत कमी हुई है । नागा लोगों ने साधारण तौर से मेरी सरकार की नीति को पसन्द किया है । मई, १९५८ में अखिल जन जाति सम्मेलन में अगस्त, १९५७ में हुए कोहिमा सम्मेलन के निर्णयों का अनुमोदन किया । बहुत से नागा लोग जो पहले विरोधी दल में थे और लुक-छिप कर आन्दोलन चला रहे थे अब शान्तिपूर्ण ढंग से जीवन यापन कर रहे हैं ।

सिक्किम विकास योजना, जिसका खर्चा भारत वहन करता है, ठीक ढंग से चल रही है । गंगटोक से नाथूला तक सड़क तैयार हो गई है और यातायात के लिए खुल गई है । यह सड़क बहुत ही दुस्तर पहाड़ियों से होकर गुजरती है और इसके निर्माण के लिए हमारे इंजीनियर बधाई के पात्र हैं । ९०० मील लम्बी सड़क बनाने के लिये गत वर्ष जनवरी में नेपाल, अमेरिका और भारत के बीच एक त्रिदलीय समझौता हुआ था । त्रिसूली जल विद्युत् योजना के निर्माण के लिये एक और समझौता किया गया और योजना पर काम जारी हो गया है । यह योजना काठमांडू घाटी के लिये १२ हज़ार किलोवाट बिजली पैदा करेगी ।

पाकिस्तान से आये हुए विस्थापित लोगों के पुनःसंस्थापन के काम में काफ़ी उन्नति की जा चुकी है । जहां तक पश्चिमी पाकिस्तान से आये हुए लोगों का सम्बन्ध है, आशा की जाती है कि पुनःसंस्थापन का अन्तिम काम अर्थात् क्षतिपूर्ति की अदायगी इस वर्ष के भीतर समाप्त हो जायगा । पूर्वी पाकिस्तान से आये हुए लोगों में से करीब ६० हजार पिछले वर्ष शरणार्थी शिविरों से पुनर्वास के स्थानों में पहुंचा दिये गये । यह फैसला किया गया है कि इस वर्ष जुलाई के अन्त तक पश्चिमी बंगाल में सभी शिविर बन्द कर दिये जायें । हमें आशा है कि बाकी ३५ हज़ार विस्थापित परिवार उस समय तक या तो काम और पुनःसंस्थापन के लिये दण्डकारण्य में जा बसेंगे या दूसरे राज्यों में नियत बस्तियों में जा चुकेंगे ।

गैर-सैनिक अनुमानित व्यय के बजट और वित्तीय नियन्त्रण के सम्बन्ध में जो व्यवस्था थी उसमें सरकार ने कुछ महत्वपूर्ण परिवर्तन किये हैं । विकास योजनाओं को अधिक तेजी से कार्यान्वित करने की दृष्टि से प्रशासनिक मन्त्रालयों को अधिक व्यापक वित्तीय अधिकार दिये गये हैं जिससे

कि वे वित्त मन्त्रालय द्वारा संशोधित और बजट में शामिल की गई मदों पर व्यय की स्वीकृति स्वयं दे सकें।

संसद् के गत सत्र के बाद एक अध्यादेश, "दि इंडियन इन्कमटेक्स (एमेन्डमेन्ट) आर्डिनेन्स १९५९" जारी किया गया। इस अध्यादेश से सम्बन्धित एक विधेयक संसद् के सामने रखा जायगा ·

१९५८ में संसद् द्वारा ४९ विधेयक पारित किये गये। तेरह विधेयक आपके विचाराधीन हैं। विधेयकों और संशोधनों के रूप में मेरी सरकार कई वैधानिक प्रस्ताव संसद् के समक्ष रखना चाहेगी। उनमें ये प्रस्ताव शामिल हैं :—

(१) दि कम्पनीज़ (एमेन्डमेन्ट) बिल।
(२) एस्टेट ड्यूटी (एमेन्डमेन्ट) बिल।
(३) दि स्टेट बैंक आफ इण्डिया (सब्सीडियरी बैंक्स) बिल।
(४) दि कोल माइन्स लेबर वेलफेयर फंड (एमेन्डमेन्ट) बिल।
(५) दि आल इण्डिया मेटरनिटी बैनिफिट बिल।
(६) बिल टू प्रोवाइड फार कम्पलसरी नोटिफिकेशन आफ वेकेन्सीज बाई एम्पलोयरस टू एम्पलौयमेन्ट एक्सचेंजिस।
(७) दि जिनेवा कनवेन्शन बिल।
(८) दि सेविंग्स बैंक (एमेन्डमेन्ट) बिल।
(९) दि बनारस हिन्दू युनिवर्सिटी (एमेन्डमेन्ट) बिल।
(१०) दि चिल्ड्रन बिल।
(११) ए बिल फार दि प्रीवेन्शन आफ क्रुएलटी टू एनीमल्स।

१९५९-६० वित्तीय वर्ष के लिये भारत सरकार के आय व्यय के अनुमानित आंकड़े आपके सामने रखे जायेंगे।

संसार में तनाव की भावना अभी बनी है और स्थिति में आधारभूत सुधार के लक्षण अभी दिखाई नहीं देने लगे हैं, यह मेरी सरकार के लिये चिन्ता का विषय है। मेरी सरकार बड़े राष्ट्रों के प्रति तटस्थता की नीति का बराबर अनुसरण कर रही है और तदनुसार तनाव को दूर करने के काम में यथासम्भव योगदान दे रही है।

विज्ञान और टैकनौलोजी में महान प्रगति के कारण मानव ने अन्तर्नक्षत्रीय आकाश के समन्वेषण का साहस किया है और इसके फलस्वरूप मानवीय उन्नति की कल्पनातीत सम्भावनायें सामने आयी हैं। अन्य राष्ट्रों के साथ मेरी सरकार भी इस बात से चिन्तित है कि विज्ञान की यह प्रगति अभी तक अधिकतर ऐसे विध्वंसात्मक शस्त्रों के बनाने में ही काम में लाई गई है जिन से संसार के विनाश का संकट पैदा हो गया है।

मेरी सरकार को इस बात का खेद है कि जहां एक ओर न्यूक्लीयर और थर्मोन्यूक्लीयर विस्फोटों पर रोक लगाने की दिशा में जिनेवा में कुछ प्रगति हुई है, वहां दूसरी ओर इसके बारे में और इससे भी अधिक महत्वपूर्ण समस्या अर्थात् निःशस्त्रीकरण और विनाश के इन अस्त्रों पर रोक लगाने की दिशा में समझौता तो एक तरफ सच्ची प्रगति भी अभी दिखाई नहीं दी है।

पिछले साल सितम्बर में मेरे प्रधान मन्त्री ने उस समय के पाकिस्तानी प्रधान मन्त्री के साथ सीमावर्ती इलाकों के सम्बन्ध में कुछ समझौते किये थे। पाकिस्तान में स्थित कूचबिहार के कुछ इलाकों और भारत में स्थित कुछ पाकिस्तानी इलाकों का विनिमय भी इन समझौतों में शामिल था। इन समझौतों को कानूनी रूप देने के लिए मेरी सरकार आपके सामने प्रस्ताव रखेगी।

दूरस्थ और निकट के देशों से हमारे सम्बन्ध बराबर मैत्रीपूर्ण रहे।

जापान के सम्राट के निमन्त्रण पर सितम्बर, १९५८ के अन्त में मैंने उस देश की यात्रा की और जापान के सम्राट तथा लोगों ने मेरा हार्दिक स्वागत किया।

इंडोनेशिय के राष्ट्रपति और मलाया के सर्वोच्च शासक के निमन्त्रणों पर गत दिसम्बर, १९५८ में मैंने उन देशों की यात्रा की और दोनों ही देशों की सरकारों तथा जनता ने उदारतापूर्वक मेरा स्वागत किया।

गत वर्ष सितम्बर में मेरे प्रधान मंत्री ने भूटान की यात्रा की, जिससे हमारा एक विशेष संधिगत सम्बन्ध है। वहां के शासक तथा लोगों ने उनका स्नेहपूर्ण स्वागत किया। प्रधान मंत्री ने उन्हें भारत और भूटान के बीच स्थाई मैत्री का आश्वासन दिया और यह कहा कि वहां के आन्तरिक मामलों में हस्तक्षेप न करने का हमारा संकल्प है। हम आशा करते हैं कि भूटान और भारत के बीच यातायात के साधनों में सुधार के फलस्वरूप दोनों जगह के लोग एक दूसरे के और निकट आ जायेंगे।

सूडान, ईराक, गिनी और क्यूबा में नई शासनसत्ताओं के स्थापित हो जाने पर मेरी सरकार ने उन्हें राजनयिक मान्यता प्रदान की।

पिछले वर्ष हमें अपने सम्मानित अतिथियों के रूप में महामहिम अफ़गानिस्तान के सम्राट, महामहिम नेपाल सम्राट तथा सम्राज्ञी, वियतनाम के लोकतंत्रात्मक गणराज्य के राष्ट्रपति, युगोस्लाविया के राष्ट्रपति, न्यूज़ीलैंड, टर्की, कम्बोदिया, पाकिस्तान, कैनेडा, घाना, नार्वे, रूमानिया और अफ़गानिस्तान के प्रधान मंत्रियों, अर्थ शास्त्र के जर्मन संघीय मंत्री, संयुक्त राष्ट्र में अमरीकी प्रतिनिधिमंडल के अध्यक्ष, श्री हैनरी केबट लाज, और एडिनबरा के ड्यूक के स्वागत करने का श्रेय प्राप्त हुआ।

वियतनाम और कम्बोदिया में देखरेख और नियंत्रण सम्बन्धी अन्तर्राष्ट्रीय कमीशन आलोच्य वर्ष में कार्य करता रहा, किन्तु लाओस में कमीशन ने अनिश्चित काल तक के लिए अपनी कार्यवाही स्थगित की और यह निश्चय किया कि साधारण प्रणाली के अनुसार इसे फिर से बुलाया जा सकता है। मेरी सरकार को इस बात का खेद है कि लाओस में स्थिति और अधिक बिगड़ गई है और सुधार की जो आशा मैं ने पिछले साल प्रकट की थी वह पूरी नहीं हुई। फिर भी मेरी सरकार का बराबर यह विश्वास है कि जेनेवा समझौते से जो शान्ति वहां स्थापित हुई है वह बनी रहेगी और अन्तर्राष्ट्रीय कमीशन के सदस्य एक दूसरे के साथ पूरा सहयोग करते रहेंगे और शान्ति-स्थापना के हित में लाओस की सरकार का सहयोग भी उन्हें मिलता रहेगा।

भारत ने लेबनान स्थित संयुक्त राष्ट्र प्रेक्षण दल में भाग लिया और उस क्षेत्र में एक संकटापन्न स्थिति को सुलझाने में अपना विनम्र योगदान दिया।

दक्षिण अफ्रीका की घटनायें, जहां की सरकार पृथकता की नीति का कठोरता से अनुसरण कर रही है और जिस के कारण उस देश के अधिकांश लोगों को अपमान और यातनायें सहनी पड़ रही हैं जिन से संयुक्त राष्ट्र के अधिकारपत्र में दिये गये मानवीय अधिकारों का उल्लंघन हो रहा है,

हमारे लिए घोर चिन्ता का विषय है । किन्तु इस बात से कुछ सन्तोष होता है कि संयुक्त राष्ट्र में बहुत बड़ा बहुमत इस नीति का विरोध करता है । हमारी बराबर यही आशा है कि दक्षिण अफ्रीका की सरकार संसार के जनमत का आदर करेगी और यह स्वीकार करेगी कि प्रबुद्ध अफ्रीका में ऐसी नीतियों का परिणाम यही होगा कि जातीय कटुता बढ़ेगी और अन्त में संघर्ष होगा जो व्यापक हो सकता है ।

भारत में गत वर्ष न्यूज़ीलैंड के उच्चायुक्त के दफ्तर की स्थापना का मेरी सरकार ने स्वागत किया है ।

पिछले साल हमारे देश में कई एक अन्तर्राष्ट्रीय सम्मेलन हुए । देश के लोगों की ओर से बाहर से आने वाले महानुभावों का स्वागत और आतिथ्य कर और विश्व में सद्भावना और पारस्परिक आदान-प्रदान को उभारने में किंचिन्मात्र अपना योगदान दे सकने की मेरी सरकार को बहुत खुशी है ।

संसद् के सदस्यगण, मैंने आपके सामने पिछले वर्ष की प्रमुख घटनायें तथा सफलतायें रखी हैं । राष्ट्रीय विकास और उन्नति के सम्बन्ध में किसी हद तक हम अपने आप को मुबारिकबाद कह सकते हैं । किन्तु पहले से भी कहीं अधिक आज हमारा यह सौभाग्य और कर्तव्य है कि हम और अधिक दृढ़ता, अनुशासन और ध्येय-प्राप्ति की भावना के साथ लोकतंत्र को सच्चे अर्थों में अपने देश के जनसाधारण के लिए वरदान बनाने का प्रयत्न करें ।

मेरी सरकार की यह नीति है और वह सदा इस बात का प्रयत्न करती रहेगी कि इस पुण्य भूमि की और यहां के लोगों की स्वाधीनता तथा मान सदा सुरक्षित रहें, राष्ट्रीय एकता और सामाजिक कल्याण की प्रवृत्तियों को बल मिले और ऐसी लोकतंत्रात्मक समाजवादी व्यवस्था का निर्माण हो जिस में शान्तिपूर्ण ढंग से जनमत के बल पर उन्नति की चेष्टा और प्राप्ति की जाय ।

संसद् के सदस्यगण, अब मैं आप का काम आप को सौंपता हूं और आप के प्रयत्नों में आप सब की सफलता की कामना करता हूं । आप के प्रयत्न और आप की एकता और अन्तिम ध्येय की प्राप्ति की भावना तथा कर्तव्यपरायणता हमारे देशवासियों को अधिक सम्पन्न और सन्तुष्ट बनाने में, राष्ट्र के स्थायित्व और सुरक्षा को अधिक दृढ़ करने में और विश्व में शान्ति तथा सहयोग का संचार करने में सहायक हो, यही मेरी प्रार्थना है ।

विधेयकों पर राष्ट्रपति की अनुमति

†**सचिव :** श्रीमान्, मैं गत सत्र में संसद् की दोनों सभाओं द्वारा पारित तथा ८ दिसम्बर, १९५८ को लोक-सभा में दी गई अन्तिम सूचना के बाद राष्ट्रपति द्वारा अनुमति-प्राप्त निम्नलिखित पांच विधेयकों की प्रतियां सभा पटल पर रखता हूं :—

(१) विनियोग (रेलवे) संख्या ४ विधेयक, १९५८

(२) विनियोग (संख्या ५) विधेयक, १९५८

(३) विनियोग (रेलवे) संख्या ५ विधेयक, १९५८

(४) भारतीय प्रशुल्क (संशोधन) विधेयक ; और

(५) विदेशी विनिमय विनियमन (संशोधन) विधेयक, १९५८

---

†मूल अंग्रेजी में

श्रीमान्, मैं गत सत्र में संसद् की दोनों सभाओं द्वारा पारित तथा ८ दिसम्बर, १९५८ को लोकसभा में दी गई अन्तिम सूचना के बाद राष्ट्रपति की अनुमति प्राप्त निम्नलिखित नौ विधेयकों की प्रतियां, राज्य-सभा के सचिव द्वारा विधिवत् प्रमाणिकृत रूप में, सभा पटल पर रखता हूं :—

(१) उच्च न्यायालय न्यायाधीश (सेवा की शर्तें) संशोधन विधेयक, १९५८

(२) विष (संशोधन) विधेयक, १९५८

(३) आसाम राइफल्स (संशोधन) विधेयक, १९५८

(४) अनर्हता निवारण (संशोधन) विधेयक, १९५८

(५) संसद् सदस्यों के वेतन तथा भत्ते (संशोधन) विधेयक, १९५८

(६) हिमाचल प्रदेश विधान-सभा (गठन तथा कार्यवाही) मान्यीकरण विधेयक, १९५८

(७) उड़ीसा बाट तथा माप (दिल्ली निरसन) विधेयक, १९५८

(८) लोक-प्रतिनिधित्व (संशोधन) विधेयक, १९५८ ; और

(९) दिल्ली किराया नियंत्रण विधेयक, १९५८

संसदीय समितियां--कार्य सारांश

†**सचिव :** श्रीमान्, मैं दूसरी लोक-सभा के छठे सत्र के बारे में "संसदीय समितियां—कार्य सारांश" की एक प्रति सभा पटल पर रखता हूं ।

स्थगन प्रस्तावों के बारे में

†**अध्यक्ष महोदय :** अब पत्र सभा पटल पर रखे जायेंगे ।

†**श्री पु० र० पटेल (मेहसाना) :** मेरा एक स्थगन प्रस्ताव है ।

†**अध्यक्ष महोदय :** मैंने सभी स्थगन प्रस्तावों को अस्वीकार कर दिया है । यदि कोई माननीय सदस्य चाहते हैं कि मैं अपने निर्णय पर पुनः विचार करूं तो उसके बारे में मुझे बतायें, फिर मैं यह देखूंगा कि उन्हें यहां उठाया जाना चाहिये या नहीं । जिन माननीय सदस्यों के स्थगन प्रस्ताव हैं वह सभी मुझ से मिल सकते हैं और यदि मैं संतुष्ट हो गया तो मैं उन प्रश्नों को कल यहां उठाने दूंगा ।

सभा पटल पर रखे गये पत्र

जीवन बीमा निगम नियमों में संशोधन

†**वित्त मंत्री (श्री मोरारजी देसाई)** : मैं जीवन बीमा निगम अधिनियम, १९५६ की धारा ४८ की उप-धारा (३) के अन्तर्गत जीवन बीमा निगम नियम, १९५६ में कुछ और संशोधन करने वाली दिनांक २२ नवम्बर, १९५८ की अधिसूचना संख्या जी० एस० आर० ११०१ की एक प्रति सभा पटल पर रखता हूं ।

[पुस्तकालय में रखी गई । देखिए संख्या एल टी—११६८/५९]

---

†मूल अंग्रजी में

औद्योगिक विवाद (केन्द्रीय) नियमों में संशोधन

†**योजना उपमंत्री (श्री श्या० नं० मिश्र)** : मैं औद्योगिक विवाद अधिनियम, १९४७ की धारा ३८ की उप-धारा (४) के अन्तर्गत औद्योगिक विवाद (केन्द्रीय) नियम, १९५७ में कुछ और संशोधन करने वाली दिनांक २० दिसम्बर, १९५८ की अधिसूचना संख्या जी० एस० आर० १२१५ की एक प्रति सभा पटल पर रखता हूं ।

[पुस्तकालय में रखी गयी । देखिए संख्या एल टी—११६९/५९]

अचल सम्पत्ति अधिग्रहण तथा अर्जन नियमों में संशोधन

†**निर्माण, आवास और संभरण मंत्री (श्री क० च० रेड्डी)**: मैं अचल सम्पत्ति अधिग्रहण तथा अर्जन अधिनियम, १९५२ की धारा २२ की उपधारा (३) के अन्तर्गत अचल सम्पत्ति अधिग्रहण तथा अर्जन नियम, १९५३ में कुछ और संशोधन करने वाली दिनांक २० दिसम्बर, १९५८ की अधिसूचना संख्या जी० एस० आर० १२१२ की एक प्रति सभा पटल पर रखता हूं ।

[पुस्तकालय में रखी गयी । देखिये संख्या एल टी—११७०/५९]

परक्राम्य संलेख अधिनियम के बारे में विधि आयोग का ग्यारहवां प्रतिवेदन

†**विधि मंत्री (श्री अ० कु० सेन)** : मैं परक्राम्य संलेख अधिनियम, १८८१ के बारे में विधि आयोग के ग्यारहवें प्रतिवेदन की एक प्रति सभा-पटल पर रखता हूं ।

[पुस्तकालय में रखी गयी । देखिये संख्या एल टी—११७१/५९]

भारतीय आयकर (संशोधन) अध्यादेश

†**संसद् कार्य मंत्री (श्री सत्य नारायण सिंह)** : मैं संविधान के अनुच्छेद १२३(२)(क) के उपबन्धों के अन्तर्गत भारतीय आय-कर (संशोधन) अध्यादेश, १९५९ (१९५९ का संख्या १) की एक प्रति सभा पटल पर रखता हूं ।

[पुस्तकालय में रखी गयी । देखिये संख्या एल टी—११७२/५९]

दक्षिण-पूर्व एशिया के लिए विश्व स्वास्थ्य संगठन की प्रादेशिक समिति के ग्यारहवें सत्र में भाग लेने वाले प्रतिनिधिमंडल का प्रतिवेदन

†**स्वास्थ्य मंत्री (श्री करमरकर)** : मैं नई दिल्ली में सितम्बर, १९५८ में हुए दक्षिण-पूर्व एशिया के लिये विश्व स्वास्थ्य संगठन की प्रादेशिक समिति के ग्यारहवें अधिवेशन में भाग लेने वाले भारतीय प्रतिनिधिमण्डल के प्रतिवेदन की एक प्रति सभा पटल पर रखता हूं ।

[पुस्तकालय में रखी गई । देखिये संख्या एल टी—११७३/५९]

मध्य भारत खादी तथा ग्रामोद्योग बोर्ड आदेश

†**गृह-कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री दातार)** : मैं अन्तर्राज्य निगम एक्ट, १९५७ की धारा ४ की उप-धारा (५) के अन्तर्गत दिनांक १३ दिसम्बर, १९५८ की अधिसूचना संख्या जी० एस० आर० ११६४ में प्रकाशित मध्य भारत खादी तथा ग्रामोद्योग बोर्ड आदेश, १९५८ की एक प्रति सभा पटल पर रखता हूं ।

[पुस्तकालय में रखी गई । देखिये संख्या एल टी—११७४/५९]

---

†मूल अंग्रजी में

औषधीय तथा प्रसाधन सामग्री (उत्पादन शुल्क) नियमों में संशोधन

†**वित्त उपमंत्री (श्री ब० रा० भगत)** : मैं औषधीय तथा प्रसाधन सामग्री (उत्पादन-शुल्क) अधिनियम, १६५५ की धारा १६ की उप-धारा (४) के अन्तर्गत औषधीय तथा प्रसाधन सामग्री (उत्पादन शुल्क) नियम, १६५६ में कुछ और संशोधन करने वाली निम्नलिखित अधिसूचनाओं की एक-एक प्रति सभा पटल पर रखता हूं ।

(१) जी० एस० आर० संख्या १२०२, दिनांक २० दिसम्बर, १६५८ ।

(२) जी० एस० आर० संख्या ५५, दिनांक १७ जनवरी, १६५६ ।

[पुस्तकालय में रखी गई । देखिये संख्या एल टी—११७५/५६]

सीमा शुल्क तथा केन्द्रीय उत्पादन-शुल्क प्रत्याहृत (डुप्लिकेटिंग स्टेन्सिल्स) नियम

†**श्री ब० रा० भगत** : मैं समुद्र सीमा-शुल्क अधिनियम, १८७८ की धारा ४३, ख की उप-धारा (४) और केन्द्रीय उत्पादन-शुल्क तथा नमक अधिनियम, १६४४ की धारा ३८ के अन्तर्गत दिनांक १३ दिसम्बर, १६५८ की अधिसूचना संख्या जी० एस० आर० ११७२ में प्रकाशित सीमा-शुल्क तथा केन्द्रीय उत्पादन-शुल्क प्रत्याहृत (डुप्लिकेटिंग स्टन्सिल्स) नियम, १६५८ की एक प्रति सभा पटल पर रखता हूं ।

[पुस्तकालय में रखी गई । देखिये संख्या एल टी—११७६/५६]

समुद्र सीमा शुल्क अधिनियम के अधीन अधिसूचना

†**श्री ब० रा० भगत** : मैं समुद्र सीमा-शुल्क अधिनियम, १८७८ की धारा ४३-ख की उप-धारा (४) के अन्तर्गत दिनांक १३ दिसम्बर, १६५८ की अधिसूचना संख्या जी० एस० आर० ११७१ की एक प्रति सभा पटल पर रखता हूं ।

[पुस्तकालय में रखी गई । देखिय संख्या एल टी—११७७/५६]

केन्द्रीय उत्पादन शुल्क नियमों में संशोधन

†**श्री ब० रा० भगत** : मैं केन्द्रीय उत्पादन-शुल्क तथा नमक अधिनियम, १६४४ की धारा ३८ के अन्तर्गत केन्द्रीय उत्पादन-शुल्क नियम, १६४४ में कुछ और संशोधन करने वाली निम्न-लिखित अधिसूचनाओं की एक-एक प्रति सभा पटल पर रखता हूं ।

(१) जी० एस० आर० संख्या ११६८, दिनांक १३ दिसम्बर, १६५८ ।

(२) जी० एस० आर० संख्या ११७०, दिनांक १३ दिसम्बर, १६५८ ।

(३) जी० एस० आर० संख्या ६१, दिनांक २४ जनवरी, १६५६ ।

[पुस्तकालय में रखी गई । देखिये संख्या एल टी—११७८/५६]

†मूल अंग्रजी में

भारतीय बिजली (संशोधन) विधेयक

संयुक्त समिति का प्रतिवेदन

†**सरदार हुक्म सिंह** (भटिंडा) : मैं भारतीय बिजली (संशोधन) विधेयक, १९५८ संबंधी संयुक्त समिति का प्रतिवेदन उपस्थापित करता हूं ।

लागत तथा निर्माण लेखापाल विधेयक

संयुक्त समिति का प्रतिवेदन

†**श्री स० च० सामन्त** (तामलुक) : मैं लागत तथा निर्माण लेखापाल विधेयक सम्बन्धी संयुक्त समिति के प्रतिवेदन की एक प्रति सभा पटल पर रखता हूं ।

भारतीय बिजली (संशोधन) विधेयक

संयुक्त समिति के समक्ष साक्ष्य

†**सरदार हुक्म सिंह** : मैं भारतीय बिजली (संशोधन) विधेयक सम्बन्धी संयुक्त समिति के समक्ष दिये गये साक्ष्य की एक प्रति सभा-पटल पर रखता हूं ।

लागत तथा निर्माण लेखापाल विधेयक

संयुक्त समिति के समक्ष साक्ष्य

†**श्री स० चं० सामन्त** : मैं लागत तथा निर्माण लेखापाल विधेयक, १९५८ सम्बन्धी संयुक्त समिति के समक्ष दिये गये साक्ष्य की एक प्रति सभा पटल पर रखता हूं ।

विशेषाधिकार समिति के प्रतिवेदन के उपस्थापन के समय को बढ़ाने के सम्बन्ध में प्रस्ताव

†**सरदार हुक्म सिंह** (भटिंडा) : मैं प्रस्ताव करता हूं कि केरल के मुख्य मंत्री द्वारा केन्द्रीय गृह-कार्य मंत्री को भेजे गये तार के बारे में विशेषाधिकार के प्रश्न के सम्बन्ध में विशेषाधिकार समिति के प्रतिवेदन के उपस्थापन के लिये नियत समय २ मार्च, १९५९ तक बढ़ा दिया जाये ।

स्पष्टीकरण के लिये मैं दो शब्द कहना चाहता हूं । हम इसको गत सत्र में ही समाप्त कर के बारे में प्रयत्न कर रहे थे परन्तु कुछ कठिनाइयां थीं और समिति ने यह ठीक समझा कि अन्तर्सत्रावधि में बैठक बुलाने की आवश्यकता नहीं है । मैं आशा करता हूं कि अगली बैठक में इस पर विचार समाप्त हो जायेगा और प्रतिवेदन सभा में प्रस्तुत कर दिया जायेगा । यद्यपि हमने २ मार्च १९५९ तक अवधि बढ़ा दिये जाने के लिये कहा है परन्तु हमें आशा है कि इसको जल्दी प्रस्तुत कर दिया जायेगा ।

†**श्री पुन्नूस** (अम्बलपुज़ा) : इस मामले को बहुत आवश्यक तथा महत्वपूर्ण समझा गया था लेकिन यहां अवधि बढ़ाने का कोई कारण नहीं बताया गया है । हम जानना चाहते हैं कि प्रश्न पर कितना विचार कर लिया गया है ।

---

†मूल अंग्रजी में

†**सरदार हुक्म सिंह** : समिति की कई बैठकें हो चुकी हैं और बहुत सी बातों पर विचार कर लिया गया है। परन्तु कुछ कठिनाइयां सामने आईं। मामला साधारण नहीं था इसलिये जल्दी में कोई निर्णय नहीं किया जा सकता था। समिति के सदस्यों ने यह ठीक समझा कि एक और बैठक की जाये जिसमें अन्तिम रूप से निर्णय किया जाये। हम किन बातों पर विचार कर रहे हैं उनको बताना इस समय ठीक नहीं होगा। परन्तु मैं सदस्यों को आश्वासन देता हूं कि सम्भवतया दस दिन में हम प्रतिवेदन प्रस्तुत कर देंगे ।

†**अध्यक्ष महोदय** : प्रश्न यह है :

"कि केरल के मुख्य मंत्री द्वारा केन्द्रीय गृह-कार्य मंत्री को भेजे गये तार के बारे में विशेषाधिकार के प्रश्न के सम्बन्ध में विशेषाधिकार समिति के प्रतिवेदन के उपस्थापन के लिये नियत समय २ मार्च, १९५९ तक बढ़ा दिया जाये ।"

प्रस्ताव स्वीकृत हुआ

भारतीय आय-कर (संशोधन) विधेयक*

†**वित्त मंत्री (श्री मोरारजी देसाई)** : मैं प्रस्ताव करता हूं कि भारतीय आय कर अधिनियम, १९२२ में अग्रेतर संशोधन करने वाले विधेयक को पुरःस्थापित करने की अनुमति दी जाये ।

†**अध्यक्ष महोदय** : प्रश्न यह है :

"कि भारतीय आय कर अधिनियम, १९२२ में अग्रेतर संशोधन करने वाले विधेयक को पुरःस्थापित करने की अनमति दी जाये ।"

प्रस्ताव स्वीकृत हुआ

†**श्री मोरारजी देसाई** : मैं विधेयक को पुरःस्थापित** करता हूं ।

सभा पटल पर रखा गया पत्र

भारतीय आय-कर (संशोधन) अध्यादेश के बारे में विवरण

†**वित्त मंत्री (श्री मोरारजी देसाई)**: मैं लोक-सभा के प्रक्रिया तथा कार्य संचालन सम्बन्धी नियमों के नियम ७१(१) के अधीन अपेक्षित भारतीय आय-कर (संशोधन) अध्यादेश, १९५९ के प्रख्यापन के कारण बताने वाले व्याख्यात्मक विवरण की एक प्रति सभा पटल पर रखता हूं । **[पुस्तकालय में रखी गई । देखिये संख्या एल० टी०—११७२/५९]**

इसके पश्चात् लोक-सभा मंगलवार १० फरवरी, १९५९/माघ २१, १८८० (शक) के ग्यारह बजे तक के लिए स्थगित हुई ।

---

*भारत के असाधारण गजट भाग २, अनुभाग २, दिनांक ९-२-५९ में प्रकाशित ।

**राष्ट्रपति की सिफारिश से पुरस्थापित ।

†मूल अंग्रेजी में

दैनिक संक्षेपिका

सोमवार, ९ फरवरी, १९५९

---

२० माघ, १८८० (शक)

विषय **पृष्ठ**

सदस्य द्वारा शपथ ग्रहण १

श्री भोलानाथ विश्वास ने शपथ ग्रहण की ।

निधन सम्बन्धी उल्लेख १

अध्यक्ष महोदय ने श्री ठाकुरदास मल्होत्रा, जो वर्तमान लोक-सभा के सदस्य थे, श्री रानेन्द्र नाथ बसु और श्री विट्ठल नारायण चन्दावरकर के, जो भूतपूर्व केन्द्रीय विधान-सभा के सदस्य थे, निधन का उल्लेख किया ।

राष्ट्रपति का अभिभाषण—सभा पटल पर रखा गया . . . २-९

सचिव ने ९ फरवरी, १९५९ को एक साथ समवेत संसद् की दोनों सभाओं के समक्ष दिये गये राष्ट्रपति के अभिभाषण की एक प्रति सभा पटल पर रखी ।

विधेयकों पर राष्ट्रपति की अनुमति ९-१०

(१) सचिव ने पिछले सत्र में संसद् की दोनों सभाओं द्वारा पारित और लोक-सभा को ८ दिसम्बर, १९५८ को दी गयी अन्तिम सूचना के बाद राष्ट्रपति की अनुमति-प्राप्त निम्नलिखित विधेयकों को सभा पटल पर रखा :—

(१) विनियोग (रेलवे) संख्या ४ विधेयक, १९५८ ।
(२) विनियोग (संख्या ५) विधेयक, १९५८ ।
(३) विनियोग (रेलवे) संख्या ५ विधेयक, १९५८ ।
(४) भारतीय प्रशुल्क (संशोधन) विधेयक, १९५८ ।
(५) विदेशी विनिमय विनियमन (संशोधन) विधेयक, १९५८ ।

(२) सचिव ने पिछले सत्र में संसद् की दोनों सभाओं द्वारा पारित और लोक-सभा को ८ दिसम्बर, १९५८ को दी गयी अन्तिम सूचना के बाद राष्ट्रपति की अनुमति-प्राप्त निम्नलिखित विधेयकों की राज्य-सभा के सचिव द्वारा विधिवत प्रमाणीकृत प्रतियां भी सभा पटल पर रखीं :—

(१) उच्च न्यायालय न्यायाधीश (सेवा की शर्तें) संशोधन विधेयक १९५८ ।

विषय पृष्ठ

विधेयकों पर राष्ट्रपति की अनुमति---(क्रमशः)

(२) विष (संशोधन) विधेयक, १९५८ ।

(३) आसाम रायफल्ज़ (संशोधन) विधेयक, १९५८ ।

(४) अनर्हता निवारण (संशोधन) विधेयक, १९५८ ।

(५) संसद-सदस्यों के वेतन तथा भत्ते (संशोधन) विधेयक, १९५८ ।

(६) हिमाचल प्रदेश विधान-सभा (गठन तथा कार्यवाही) मान्यीकरण विधेयक, १९५८ ।

(७) उड़ीसा बाट तथा माप (दिल्ली निरसन) विधेयक, १९५८ ।

(८) लोक प्रतिनिधित्व (संशोधन)विधेयक, १९५८ ।

(९) दिल्ली किराया नियंत्रण विधेयक, १९५८ ।

सभा-पटल पर रखे गये पत्र . . . . . १०—१२, १४

निम्नलिखित पत्र सभापटल पर रख गये :—

(१) जीवन बीमा निगम अधिनियम, १९५६ की धारा ४८ की उप-धारा (३) के अन्तर्गत जीवन बीमा निगम नियम, १९५६ में कुछ और संशोधन करने वाली दिनांक २२ नवम्बर, १९५८ की अधिसूचना संख्या जी० एस० आर० ११०१ की एक प्रति ।

(२) औद्योगिक विवाद अधिनियम, १९४७ की धारा ३८ की उप-धारा (४) के अन्तर्गत औद्योगिक विवाद (केन्द्रीय) नियम, १९५७ में कुछ और संशोधन करने वाली दिनांक २० दिसम्बर, १९५८ की अधिसूचना संख्या जी० एस० आर० १२१५ की एक प्रति ।

(३) अचल सम्पत्ति अधिग्रहण तथा अर्जन अधिनियम, १९५२ की धारा २२ की उपधारा (३) के अन्तर्गत अचल सम्पत्ति अधिग्रहण तथा अर्जन नियम, १९५३ में कुछ और संशोधन करने वाली दिनांक २० दिसम्बर, १९५८ की अधिसूचना संख्या जी० एस० आर० १२१२ की एक प्रति ।

(४) परक्राम्य संलेख अधिनियम १८८१ के बारे में विधि आयोग के ग्यारहवें प्रतिवेदन की एक प्रति ।

(५) संविधान के अनुच्छेद १२३ (२) (क) के उपबन्धों के अन्तर्गत भारतीय आय-कर (संशोधन) अध्यादेश, १९५९ (१९५९ का संख्या १) की एक प्रति ।

(६) नई दिल्ली में सितम्बर, १९५८ में हुये दक्षिण-पूर्व एशिया के लिये विश्व स्वास्थ्य संगठन की प्रादेशिक समिति के ग्यारहवें अधिवेशन में भाग लेने वाले भारतीय प्रतिनिधिमंडल के प्रतिवेदन की एक प्रति ।

विषय पृष्ठ

सभा: पटल पर रखे गये पत्र—(क्रमशः)

(७) अन्तर्राज्य निगम अधिनियम, १९५७ की धारा ४ की उप-धारा (५) के अन्तर्गत दिनांक १३ दिसम्बर, १९५८ की अधिसूचना संख्या जी० एस० आर० ११६४ में प्रकाशित मध्य भारत खादी तथा ग्रामोद्योग बोर्ड आदेश, १९५८ की एक प्रति ।

(८) औषधीय तथा प्रसाधन सामग्री (उत्पादन-शुल्क) अधिनियम, १९५५ की धारा १९ की उप-धारा (४) के अन्तर्गत औषधीय तथा प्रसाधन सामग्री (उत्पादन शुल्क) नियम, १९५६ में कुछ और संशोधन करने वाली निम्नलिखित अधिसूचनाओं की एक-एक प्रति :—

(एक) जी० एस० आर० संख्या १२०२, दिनांक २० दिसम्बर, १९५८ ।

(दो) जी० एस० आर० संख्या ५५, दिनांक १७ जनवरी, १९५९ ।

(९) समुद्र सीमा-शुल्क अधिनियम, १८७८ की धारा ४३-ख की उप-धारा (४) और केन्द्रीय उत्पादन-शुल्क तथा नमक अधिनियम, १९४४ की धारा ३८ के अन्तर्गत दिनांक १३ दिसम्बर, १९५८ की अधिसूचना संख्या जी० एस० आर० ११७२ में प्रकाशित सीमा-शुल्क तथा केन्द्रीय उत्पादन-शुल्क प्रत्याहृत (डुप्लिकेटिंग स्टेन्सिल्स) नियम, १९५८ की एक प्रति ।

(१०) समुद्र सीमा-शुल्क अधिनियम, १८७८ की धारा ४३-ख की उप-धारा (४) के अन्तर्गत दिनांक १३ दिसम्बर, १९५८ की अधिसूचना संख्या जी० एस० आर० ११७१ की एक प्रति ।

(११) केन्द्रीय उत्पादन शुल्क तथा नमक अधिनियम, १९४४ की धारा ३८ के अन्तर्गत केन्द्रीय उत्पादन-शुल्क नियम, १९४४ में कुछ और संशोधन करने वाली निम्नलिखित अधिसूचनाओं की एक-एक प्रति :—

(एक) जी० एस० आर० संख्या ११६८, दिनांक १३ दिसम्बर, १९५८ ।

(दो) जी० एस० आर० संख्या ११७०, दिनांक १३ दिसम्बर, १९५८ ।

(तीन) जी० एस० आर० संख्या ९१, दिनांक २४ जनवरी, १९५९ ।

(१२) दूसरी लोक-सभा के छठे सत्र के सम्बन्ध में "संसदीय समितियां—कार्य सारांश" की एक प्रति ।

विष्य पृष्ठ

संयुक्त समितियों के प्रतिवेदन---उपस्थापित . . १३

(१) सरदार हुक्म सिंह ने भारतीय बिजली (संशोधन) विधेयक, १९५८ सम्बन्धी संयुक्त समिति का प्रतिवेदन उपस्थापित किया।

(२) श्री सतीश चन्द्र सामन्त ने लागत तथा निर्माण लेखापाल विधेयक, १९५८ सम्बन्धी संयुक्त समिति के प्रतिवेदन की एक प्रति सभा पटल पर रखी।

विधयकों पर साक्ष्य---सभा पटल पर रखे गये . . . १३

(१) सरदार हुक्म सिंह ने भारतीय बिजली (संशोधन) विधेयक, १९५८ सम्बन्धी संयुक्त समिति के सामने दिये गये साक्ष्य की एक प्रति सभा पटल पर रखी।

(२) श्री सतीशचन्द्र सामन्त ने लागत तथा निर्माण लेखापाल विधेयक, १९५८ सम्बन्धी संयुक्त समिति के समक्ष दिये गये साक्ष्य की एक प्रति सभा पटल पर रखी।

विशेषाधिकार समिति के प्रतिवदन को उपस्थापित करने के लिये समय का बढ़ाया जाना १३-१४

केरल के मुख्य मंत्री द्वारा केन्द्रीय गृह-कार्य मंत्री को भेजे गये तार के बारे में विशेषाधिकार के प्रश्न के सम्बन्ध में विशेषाधिकार समिति के प्रतिवेदन के उपस्थापन के लिये नियत समय को २ मार्च, १९५९ तक बढ़ा दिया गया।

विधेयक:पुरस्थापित १४

भारतीय आय-कर (संशोधन) विधेयक, १९५९।

मंगलवार, १० फरवरी, १९५९/२१ माघ १८८० (शक) के लिये कार्यावलि---

श्री एम० ओ० मथाई द्वारा प्रधान मंत्री को भेजे गये पत्र में कही गई कुछ बातों के बारे में विशेषाधिकार के प्रस्ताव पर विचार तथा दिल्ली भूमि सुधार (संशोधन) विधेयक पर विचार तथा उसका पारित किया जाना।